दिनांक 24.02.2025
प्रेस विज्ञप्ति 29/2025

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

68th All India Police Duty Meet 2024 में Computer Awareness (Event-III Computer Programming) प्रतियोगिता में दो पुलिस कर्मियो को मिला स्वर्ण पदक

श्री प्रशान्त कुमार पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के मार्गदर्शन में अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएँ के नेतृत्व में उ0प्र0 पुलिस की कम्प्यूटर टीम द्वारा दिनांक 10.02.2025 से 15.02.2025 तक रांची झारखण्ड में आयोजित 68th All India Police Duty Meet 2024 में Computer Awareness (Event-III Computer Programming) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दो पुलिस कर्मियो को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 को अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएँ द्वारा (Event-III Computer Programming) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियेगिता का आयोजन विभिन्न प्रदेशों में होता है, जिसमें पुलिस वैज्ञानिक अनुसंधान, फोटोग्राफी, विडियोग्राफी, कम्प्यूटर अवेयरनेस एवं एण्टी सबोटॉजचेक आदि की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जाता है। उ0प्र0 पुलिस के श्री मज़हर इमाम, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–बी एवं श्री अर्पित गुप्ता, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–बी द्वारा उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए 02 स्वर्ण पदक प्राप्त किये गये एवं NCRB, दिल्ली में आयोजित Computer Awareness (Event-IV) में प्रतिभागी श्रीमती तरू माथुर, कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड–2 एवं श्री अर्पित गुप्ता, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–बी द्वारा आईटी प्रोजेक्ट के रुप में Predictive and Proactive Policing Using Crime Analytics Portal को प्रस्तुत किया गया।

उक्त कार्मियो द्वारा उच्च कोटि के प्रशिक्षण मेहनत, लगन के परिणाम स्वरुप राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त किये गये स्वर्ण पदक से उत्तर प्रदेश पुलिस एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया गया।

उत्तर प्रदेश पुलिस

दो जवानों ने गोल्ड मेडल जीतकर गौरव बढ़ाया

अर्पित गुप्ता

मजहर इमाम

लखनऊ। झारखंड में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस डयूटी मीट में कम्प्यूटर अवेयरनेस में प्रथम स्थान पाने वाले दो पुलिस कर्मियों (कम्प्यूटर ऑपरेटर, ग्रेड बी) मजहर इमाम और अर्पित गुप्ता ने दो स्वर्ण पदक हासिल किए। डीजीपी प्रशांत कुमार ने इन जवानों के प्रदर्शन की सराहना कर इनका हौसला बढ़ाया। एडीजी तकनीकी सेवा नवीन अरोरा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मिले स्वर्ण पदक से यूपी पुलिस का गौरव बढ़ा है।